विकसित भारत के संकल्प को पूरा करेगा बजट : योगी

सीएम ने कहा, अंतिम पंक्ति के सभी वर्गों के उत्थान की राह खुलेगी

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जो बजट पेश किया है वह विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में मील का पत्थर साबित होगा। पीएम के नेतृत्व में मातृशक्ति और समाज के अंतिम पंक्ति के सभी वर्गों के उत्थान का मार्ग प्रशस्त होगा।

सीएम ने कहा कि बजट में अगले 5 वर्षों में 5 लाख महिलाओं, अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के उद्यमियों को 2 करोड़ तक के टर्म लोन देने की योजना, उनके सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और समृद्धि की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह बजट स्वस्थ भारत-सुरक्षित भारत की जीवंत झांकी है।

जिला अस्पतालों में डे केयर कैंसर सेंटर की स्थापना के फैसले से आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा का लाभ प्राप्त होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में 12 लाख तक की आय को कर मुक्त करने का निर्णय मध्यम वर्ग सहित देश के करोड़ों नागरिकों को लाभ देने वाला है। बजट में युवाओं के सशक्तिकरण के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ऑफ स्किलिंग व सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन एआई फॉर एजुकेशन की स्थापना का निर्णय सराहनीय है। इस पहल से करोड़ों युवाओं को नवाचार और कौशल विकास के नए अवसर मिलेंगे।

सीएम ने कहा कि बजट में किसान क्रेडिट कार्ड पर ऋण की सीमा को 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख करने का निर्णय अत्यंत अभिनंदनीय है। यह कल्याणकारी निर्णय किसानों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के प्रति प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को प्रकट करता है। 5 वर्षों में 50,000 अटल टिंकरिंग लैब्स की स्थापना के फैसले का स्वागत करते हुए सीएम ने कहा कि इससे ग्रामीण सेकंडरी स्कूलों व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी, शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में डिजिटल क्रांति लाएगी।